साप्ताहिक
# बुलंद गोंदिया
खबरों का आईना
प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** | संपादक : **नवीन अग्रवाल**
E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**
वर्ष : 5 | अंक : 20 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 26 दिसंबर 2024 से 1 जनवरी 2025 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5



### बेटी के विवाह की चिंता में लगाई फांसी

अर्जुनी मोरगांव धानांतर्गत बाराभाटी निवासी मोहनलाल विंदारकर (55) ने लड़की के विवाह की चिंता को लेकर अपने खेत में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। या घटना 24 दिसंबर को सुबह के समय प्रकाश में आई। बाराभाटी निवासी फरियादी यशवंत गोविंदा परतकर (67) की रिपोर्ट पर अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है।

## 14 प्राथमिक, 5 माध्यमिक स्कूल विद्यार्थी 2202 शिक्षा कर 1 करोड़ 27 लाख नगर परिषद टैक्स वसूली पूरी शिक्षा की अनदेखी



**बुलंद गोंदिया।** संपूर्ण महाराष्ट्र में गोंदिया शहर एक समय शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शहर के रूप में जाना जाता था, लेकिन आज स्थिति बदहाल हो चुकी है। नगर परिषद गोंदिया की 14 प्राथमिक 5 माध्यमिक स्कूलों में मात्र 2202 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं तथा प्रतिवर्ष शिक्षा कर के नाम पर 1 करोड़ 27 लाख रुपए की वसूली कर रही है। नगर परिषद की उदासीनता के चलते शालाओं की स्थिति बदल हो चुकी है तथा विद्यार्थियों की संख्या प्रतिवर्ष घट रही है। जिससे शहर के नागरिकों द्वारा सवाल किया जा रहा है कि जब शिक्षा नहीं तो शिक्षा टैक्स की वसूली क्यों? गौरतलब है की शासन के नियमानुसार सभी नागरिकों को शिक्षा का समान अधिकार है तथा यह निशुल्क उपलब्ध होनी चाहिए जिसके लिए शासकीय स्कूलों का निर्माण किया गया। गोंदिया नगर परिषद ने अनेको स्कूले वर्षों पूर्व शुरू की थी जिसके चलते संपूर्ण महाराष्ट्र में शिक्षा के केंद्र के रूप में गोंदिया शहर की पहचान होने लगी थी। गोंदिया नगर परिषद द्वारा स्वयं की संचालित 14 प्राथमिक स्कूल ,5 माध्यमिक स्कूल है जिसमें एक समय में हजारों विद्यार्थी प्रतिवर्ष शिक्षा अर्जित कर उच्च पदों पर पहुंचकर शहर का नाम रोशन किया हैकिन्तु आज मात्र 2202 विद्यार्थी ही इन स्कूलों में विद्या अर्जित कर रहे हैं। कक्षा पहली से पांचवी तक की14 प्राथमिक स्कूलों में 1) मराठी गोंदिया खुर्द प्राथमिक स्कूल में 54 छात्र 124 छात्राएं कुल 124 विद्यार्थी 2) मराठी पूर्व प्राथमिक स्कूल गणेश नगर में 43 छात्र 51 छात्राएं कुल 94 विद्यार्थी 3) मराठी डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर स्कूल 49 छात्र 42 छात्राएं कुल 91 विद्यार्थी 4) मराठी इंजनसेड प्राथमिक स्कूल 10 छात्र 20 छात्राएं कुल 30 विद्यार्थी 5) मराठी प्राथमिक स्कूल रामनगर 10 छात्र 8 छात्राएं कुल 18 विद्यार्थी 6) मराठी माध्यमिक स्कूल रेलटोली 15 छात्र 16 छात्राएं कुल 31 विद्यार्थी 7) मराठी प्राथमिक स्कूल संत गाडगे नगर कुल 7 विद्यार्थी 8) मराठी सावित्रीबाई फुले प्राथमिक स्कूल मरारटो ली 6 छात्र 10 छात्र कल 16 विद्यार्थी 9) हिंदी गोंदिया खुर्द प्राथमिक स्कूल 61 छात्र 54 छात्राएं कुल 115 विद्यार्थी 10) हिंदी पूर्व माध्यमिक मरारटो ली स्कूल 40 छात्र 34 छात्राएं कुल 77 विद्यार्थी 11) हिंदी मालवीय प्राथमिक स्कूल 43 छात्र 27 छात्राएं कुल 70 विद्यार्थी 12) हिंदी प्राथमिक स्कूल रामनगर 13 छात्र 13 छात्राएं कुल 26 विद्यार्थी 13) हिंदी प्राथमिक स्कूल रेल टोली 25 छात्र छात्राएं कुल 38 विद्यार्थी 14 हिंदी इंजन सेड प्राथमिक स्कूल 23 छात्र 28 छात्राएं कुल 51 विद्यार्थी कक्षा छठवीं से 12वीं तक माध्यमिक स्कूल व जूनियर कॉलेज 1) मनोहर म्युनिसिपल लोअर सेकेंडरी 459

2) मनोहर म्युनिसिपल जूनियर कॉलेज 307 3) मनोहर म्युनिसिपल हायर सेकेंडरी 104 4)मनोहर म्युनिसिपल गर्ल्स स्कूल 312 5)मनोहर म्युनिसिपल रामनगर हाई स्कूल 165 माताटोली हाई स्कूल 65 विद्यार्थियों का समावेश है। प्रतिवर्ष 1 करोड़ 27 लाख की टैक्स वसूली गोंदिया नगर परिषद द्वारा संपत्ति कर के रूप में विभिन्न टैक्स की वसूली की जाती है जिसमें शिक्षा कर का भी समावेश है, जिससे समाज के सभी तबको को शासन द्वारा निशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाई जा सके गोंदिया नगर परिषद द्वारा आर्थिक वर्ष 2024 - 25 में कुल 5 करोड़ 45 लाख 43946 रुपए के टैक्स वसूली का डिमांड नागरिकों को दिया गया है जिसमें से 1 करोड़ 27 लाख 43509 रुपए की शिक्षा करके रूप में वसूली करने का लक्ष्य है।

### विद्यार्थी नहीं शिक्षा का अभाव टैक्स वसूली क्यों ?

नगर परिषद प्रशासन द्वारा संपत्ति कर की टैक्स वसूली में शिक्षा कर को शामिल किया गया है लेकिन एक समय जहां गोंदिया नगर परिषद की स्कूलों में हजारों विद्यार्थी निशुल्क शिक्षा अर्जित करते थे लेकिन आज नगर परिषद की उदासीनता वह बदहाल स्थिति के चलते मात्र 2202 विद्यार्थी ही शिक्षा अर्जित कर रहे हैं। जिससे यह प्रश्न निर्माण हो रहा की जब नगर परिषद द्वारा 1 करोड़ 25 लाख रूपए से अधिक की टैक्स की वसूली शिक्षा कर के नाम पर की जाती है लेकिन विद्यार्थियों की संख्या नहीं बढ़ने वह निशुल्क शिक्षा नहीं देने के बावजूद भी टैक्स वसूली क्यों जा रही है जिससे नागरिकों द्वारा यह प्रश्न उपस्थित किया जा रहा है कि जब निशुल्क शिक्षा नहीं तो शिक्षा कर की वसूली क्यों?

## धान से भरे ट्रक पर कृउबास देवरी की कार्रवाई 6 लाख 60 हजार रु. का माल जब्त



**बुलंद-गोंदिया** देवरी से अवैध रुप से धान खरीदी कर चिचगड़-ककोड़ी मार्ग से छत्तीसगड़ राज्य के हाटबंजारी में धान के कट्टे ले जाते हुए एक ट्रक को कृषि उत्पन्न बाजार समिति के सचिव लोकेश सोनुले और उनकी उड़न दस्ते ने 24 दिसंबर को दोपहर करीब 2.40 बजे गणुटोला से जब्त किया. इस कार्रवाई में 200 धान के कट्टे व ट्रक ऐसा कुल 6 लाख 60 हजार रु. माल जब्त किया गया है.

जानकारी के अनुसार कृषि उत्पन्न बाजार समिति देवरी का कार्य क्षेत्र देवरी व सालेकसा ग्राम तक सीमित है. उक्त कार्य क्षेत्र में धान की अवैध खरीदी पर नियंत्रण समिति का है. मंगलवार की दोपहर 12.30 बजे कृषि उत्पन्न बाजार समिति, देवरी की टीम अवैध धान खरीदी पर नियंत्रण व जांच के लिए निकली. इसी बीच देवरी-चिचगड-काकोड़ी मार्ग पर स्थित गणुटोला में दोपहर करीब 2.40 बजे ट्रक क्र. सीजी 08 ङ्क वी 6015 की जांच की गई. वाहन मालिक हाटबंजारी (छ.ग.) निवासी मानिक शाहू चालक की मदद से देवरी से अवैध रुप से धान खरीदी कर छत्तीसगड़ राज्य के हाटबंजारी ले जाते हुए पाया गया. कृउबास देवरी के सचिव लोकेश सोनुले व उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए वाहन अपने हिरासत में ले लिया. सोनुले की इस कार्रवाई से देवरी व सालेकसा तहसील के अवैध रुप से धान खरीदी करने वाले व्यापारियों में हडकंप मच गया है. इस कार्रवाई में 1 लाख 60 हजार रु. कीमत के 200 कट्टे धान व 5 लाख रु. कीमत का ट्रक ऐसा कुल 6 लाख 60 हजार रु. का माल जब्त किया गया.

## डिवाइडर से टकरायी तेज रफ्तार दोपहिया युवक की मृत्यु



**अड्याल**-रात के समय घर से निकले दोपहिया सवार युवक की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। यह हादसा अड्याल नवेगांव मोड़ पर डिवाइडर के पास सोमवार 23 की रात में हुआ। इस दुर्घटना के बाद युवक पर भंडारा के जिला अस्पताल में शव विच्छेदन किया गया। मृतक का नाम सोनेगांव पेंढरी गांव निवासी साहिल एस. मेश्राम बताया जा रहा है। साहिल मेश्राम यह सोमवार रात लगभग साठे आठ से नौ बजे के बीच दोपहिया क्रमांक एमएच 36 जी 1557 लेकर घर से निकला था। लेकिन अड्याल नवेगांव मोड़ पर डिवाइडर के पास रक्तरंजित हालत में पड़ा हुआ दिखाई दिया। उसे स्थानीकों ने अड्याल के ग्रामीण अस्पताल में लाया। लेकिन हालत बिगड़ने पर उसे भंडारा के जिला अस्पताल में रेफर करते समय उसकी मृत्यु हो गई। साहिल डिवाइडर से टकराया या उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी यह स्पष्ट नहीं हो सका। साहिल पर मंगलवार दोपहर को अंतिम संस्कार किया गया। अड्याल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## 40 एंबुलेंस बिना इंश्योरेंस के मार्ग पर

### स्वास्थ्य विभाग का मामला- DHO के वाहन भी शामिल



**गोंदिया**-जिन आम नागरिकों के पास मोटरसाइकिल वाहन का बीमा नहीं है, उन पर यातायात नियंत्रण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जुर्माना लगाते हैं. लेकिन पिछले कई सालों से नागरिकों की जान बचाने वाली 102 नंबर की एक नहीं बल्कि 40 एंबुलेंस बिना बीमा के दौड़ रही हैं. तो आखिर स्वास्थ्य विभाग में क्या चल रहा है? ऐसा सवाल उठ रहा है. उल्लेखनीय यह है कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी का वाहन भी बिना बीमा के चल रहा है. वाहन बीमा जरूरी है. इसमें वाहन, चालक और दुर्घटना में शामिल व्यक्ति के जीवन के लिए अदालत द्वारा आदेशित मुआवजा शामिल है. सड़क पर चलते समय आम मोटरसाइकिल चालकों से कहीं भी और कभी भी ड्राइविंग लाइसेंस, पीयूसी, वाहन के दस्तावेज आदि मांगे जाते हैं. इस दौरान हेड लाइट, टेल लाइट और अंत में साइड मिरर और साइड लाइट पर भी सवाल उठाए जाते हैं. वे किसी तरह उनसे जुर्माना वसूल कर ही लेते हैं. जबकि आलम ये है कि यही अधिकारी-कर्मचारी सरकारी वाहनों को हाथ नहीं देते हैं. आज सरकारी विभाग में 15 साल से अधिक पुराने वाहन जब सुचारू रूप से चलते हैं. लेकिन उनकी पूछताछ भी नहीं होती. इससे भी गंभीर मामला सामने आया है. जिला स्वास्थ्य अधिकारी और जिला सर्जनों के अधिकार क्षेत्र में 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के पास एम्बुलेंस हैं.

### नियोजन समिति से दोबारा राशि की मांग

2020-21 में कोरोना काल के दौरान 32 स्वास्थ्य केंद्रों को 32 नई एंबुलेंस दी गई. तीन एंबुलेंस की खरीदी के लिए जिला नियोजन समिति से दोबारा राशि की मांग की गई है. जो एंबुलेंस खरीदी गई थीं, उन एम्बुलेंसों का एक वर्ष का बीमा पारित होने के समय भुगतान किया गया था. लेकिन उसके बाद उन वाहनों का बीमा नहीं कराया गया. एम्बुलेंस एक महत्वपूर्ण सेवा है. वाहन में सवार मरीज की जान बचाने के लिए चालक को अपनी जान जोखिम में डालकर वाहन चलाना पड़ता है. ऐसे में सामने वाले वाहन से टकराने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता.

## विवाह समारोह में गया परिवार इधर चोरों ने घर कर दिया खाली

**» 4 लाख 73 हजार रूपए का चुरा लिया माल, न्यू लक्ष्मीनगर में हुई वारदात**



**गोंदिया**-गोंदिया शहर सहित समूचे जिले में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। कुछ दिन के लिए घर के दरवाजे पर ताला लगा देख कित ही खाली कर रहे हैं। ऐसे में लोग अब चार पपूर घर को ताला लगाकर बाहर गांव जाने से कतरा रहे हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन के कार्य पर ही सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। चोरों ने शहर के मनोहरभाई वार्ड न्यू लक्ष्मीनगर में एक मकान के दरवाजे को ताला लगा देख पूरे घर को ही खाली कर 4 लाख 73 हजार रुपए के माल को चुरा लिया है। मिली जानकारी के अनुसार शहर पुलिस थानांतर्गत मनोहरभाई वार्ड न्यू लक्ष्मीनगर गोंदिया निवासी फरियादी मोतीलाल केशवदास शर्मा (66) 19 से 21 दिसंबर तक अपने पूरे परिवार के साथ नागपुर जिले के रामटेक में विवाह समारोह में शामिल होने के लिए घर के दरवाजे को ताला लगाकर गए थे। विवाह समारोह निपटाकर वे 21 दिसंबर को शाम 4 बजे घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा कि अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर में रखे कीमती सामानों को चुरा लिया गया है। चोरों द्वारा कुल 4 लाख 72 हजार 300 रुपए का माल चुरा लिया गया है। फरियादी ने इस घटना की शिकायत शहर पुलिस थाने में कराई। पुलिस ने 22 दिसंबर को मामला दर्ज किया है।

### चुराए गए सामानों में इनका समावेश

मोतीलाल शर्मा के निवास से चुराए गए सामानों में सोने की 5 जोड़ी बाली, सोने की नाक की नथनी, सोने की 4 अंगूठी, सोने का पेंडल, एक नग डायमंड रिंग, सोने की रिंग, सोने का मंगलसूत्र, सोने की 2 नग चैन, चांदी के कड़े, करधन, पायल, बिछिया, मूर्ति, सिक्के मिलाकर कुल 2 लाख 35 हजार 300 रुपए के आभूषण, घर के मंदिर से 1 लाख 13 हजार रुपए नगद, आलमारी से 1 लाख 24 हजार रुपए नगद एवं घर की रजिस्ट्री के दस्तावेज तथा बिल मिलाकर कुल 4 लाख 72 हजार 300 रुपए के माल का समावेश है।

## 5 अवैध विक्रेताओं से हजारों की शराब जब्त



**गोंदिया**-जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर 5 अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने अवैध शराब सहित हजारों रुपयों का माल जब्त किया है। सभी कार्रवाई मंगलवार 24 दिसंबर को की गई। पहली कार्रवाई अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने ग्राम बाक्टी परिसर मैं की। जहां आरोपी साजेश अर्जुन दिरबुडे (50) के घर की तलाशी लेने पर पुलिस ने 20 लीटर महुआ फुल की हाथ भट्टी शराब सहित कुल 4 हजार रूपए का माल जब्त किया। दूसरी कार्रवाई गोंदिया ग्रामीण पुलिस ने ग्राम इर्री में की। यहां आरोपी भुमेश लालचंद चौरीवार (34) अपने चायनिज की दुकान में शराब की अवैध बिक्री करता हुआ मिला। जिसके बाद पुलिस ने दुकान की तलाशी ली तो 21 नग देशी शराब के क्वार्टर, 160 नग ओ.सी. ब्लु के क्वार्टर, 13 नग मैकडॉल के क्वार्टर, 4 नग रॉयल स्टेग के क्वार्टर, 2 नग आय स्टेग के क्वार्टर, इस प्रकार कुल 3 हजार 570 रुपए का माल मिला। उसी प्रकार सालेकसा पुलिस ने ग्राम भजियादंड निवासी आरोपी किविता सुखदास राउत (52) के घर से कुल 910 रूपए की अवैध शराब जब्त की। जिसमें 3 नग फिरकी संत्री के पव्वे का समावेश है। वहीं रावणवाडी पुलिस ने ग्राम लोधीटोला (घिवारी) निवासी आरोपी सैजाबाई फुलचंद करपगाये (49) के घर से कुल 1 हजार 600 रुपए तथा ग्राम चुटिया निवासी आरोपी रामेश्वर कुवरलाल कटरे (37) के ढाबे से कुल 50 रुपए का माल जब्त किया।

## तिरोड़ा-काचेवानी के मध्य का समपार फाटक चार दिन तक रहेगा बंद रख-रखाव और क्रॉसिंग गेट पर गर्डर विखंडन कार्य किया जाएगा



**गोंदिया**-संरक्षित-सुरक्षित एवं तीव्र गति से बाधा रहित ट्रेन परिचालन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का लक्ष्य है। दपूमरे नागपुर मंडल द्वारा संरक्षा के मद्देनजर रख-रखाव एवं क्रॉसिंग गेट पर गर्डर विखंडन कार्य के लिए गोंदिया जिले के तिरोड़ा-काचेवानी के मध्य किलोमीटर 1028/4-6 पर स्थित समपार गेट क्र. 520 को 27 से 30 दिसंबर तक चार दिनों के लिए अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। उक्त कार्य के कारण तिरोड़ा-काचेवानी रेल खंड पर स्थित गेट क्र. 520 को 27 दिसंबर को सुबह 8 बजे से 30 दिसंबर की रात 10 बजे तक अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है और उपरोक्त दिनों में समपार गेट क्र. 521 से सड़क उपभोगकर्ताओं के लिए यातायात सुविधा प्रदान की गई है। उसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा संरक्षा के मद्देनजर रखरखाव कार्य के लिए 2 जनवरी की रात 8 बजे से 5 जनवरी के सुबह 6 बजे तक सालेकसा-आमगांव के मध्य किलोमीटर 974/7-9 पर स्थित समपार गेट क्र. 493 को अस्थायी रूप से चार दिनों के लिए बंद किया जा रहा है। इस दौरान समपार गेट क्र. 496 (कुम्हारटोली गेट) से सड़क उपभोगकर्ताओं को यातायात की सुविधा प्रदान की गई है।

## अटल बिहारी वाजपेयी को जयंती पर दी आदरांजलि



**गोदिया**-25 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी गोंदिया शहर द्वारा सुशासन दिवस के अवसर पर पार्टी के जिला कार्यालय में भारतरत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल, सुनील केलनका, संजय कुलकर्णी, अमित झा, शंभुशरण ठाकुर, जगदीश अग्रवाल, मीनू बडगूजर, जयंत शुक्ला, राजाभाऊ बंसोड, दीपक बोबडे, पुरु ठाकरे, गोल्डी गावंडे, अशोक जयसिंघानी, अभय अग्रवाल, विनोद चांदवानी (गुड्डू), राजेश बिसेन, हर्ष उजवने, खेमचंद शेंडे, प्रतीक तिवारी, निखिल बेरिसाल, रामेश्वर लिल्हारे, अर्पित पांडे, विष्णु मूलचंदानी, सूरज ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने अटलजी के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद किया और उनके द्वारा देश के विकास के लिए किए गए कार्यों की सराहना की।

## गृह मंत्री शाह के बयान के विरोध में बसपा का आंदोलन



**गोदिया**- संसद में 18 दिसंबर को संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के विषय में द्वेषपूर्ण वक्तव्य करने वाले गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग के साथ ही संसद के दोनों सदनों में उनके द्वारा माफी मांगी जाने की मांग के लिए बसपा ने आंदोलन किया। साथ ही परभणी में संविधान के अपमान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे नागरिकों पर लाठी चार्ज करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और उनके विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। 24 दिसंबर को जिलाध्यक्ष सुनील भरने के नेतृत्व में स्थानीय तहसील कार्यालय के सामने जन आक्रोश आंदोलन किया गया। आंदोलन के पश्चात राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नाम संबोधित निवेदन सौंपा गया।

## संपादकिय...

# वर्षान्त पर्यटन पैकेज

पर्यटन संस्कृति को सरकारी दायित्व में अपनाते हुए हिमाचल ने कुछ तो नियमों की शब्दावली बदली है, लेकिन हम गोवा, गुजरात या केरल की पांत में खड़े हों, इसके लिए निरंतर प्रयास की जरूरत है। बहरहाल, सप्ताहांत से वर्षान्त पर्यटन की तलाशी में हिमाचल पुनः नए वर्ष की उम्मीदों के साथ खड़ा है, तो पर्वतीय प्रांगण में गुलदस्ते हाजिर हैं। विंटर कार्निवाल की प्रस्तुति में शिमला अपनी सेज पर सैर सपाटा सजाए, पर्यटकों की महफिल का आगाज कर चुका है, तो पहाड़ों पर बर्फ की चांदनी ने चमत्कार किया है। ऐसे में कुछ तो ऐसा है कि नए साल की शुरुआत रोमांच का पर्व बन गई। यह दीगर है कि फिलवक्त घंटियां उन्हीं हिल स्टेशन पर बज रही हैं, जो अंग्रेजी हुकूमत की दरगाह बनी सैलानियों को दर्शन दे रही हैं। बेशक हुकूमत ने साल के मनोरंजन से कानून की बेड़ियां ढीली की हैं, लेकिन पर्यटन की ताजपोशी के लिए पूरे राज्य की तैयारी को नया आयाम मिलना चाहिए। नए साल की घंटियां तो तमाम मंदिरों में भी बजती हैं और दियोटसिद्ध में तो बाकायदा समारोह मनाया जाने लगा है। प्रदेश में दिसंबर से जनवरी के पूरे महीने तक पर्यटन का राष्ट्रीय फलक खुलता है। यह खुली धूप सेंकने से पहाड़ों पर बर्फबारी के खुमार तक एक ऐसी दस्तक है, जो पूरे परिदृश्य को बदल सकती है। इस बीच लोहड़ी, मकर संक्रांति और कांगड़ा, बैजनाथ और मंडी के घृतमंडल समारोहों की भूमिका का परिचय जुड़े तो कमाल का पैकेज बन जाएगा। पर्वत की गुनगुनी धूप में सुजानपुर का मैदान, चंबा का चौगान और अन्य प्रमुख मैदानों पर अगर वसंतोत्सव की थाप पर पतंगबाजी के लिए आकाश चुना जाए, तो लोक संस्कृति के कई महोत्सव जमीन पर उतर आएंगे। सुक्खू सरकार ने वर्षान्त पर्यटन को सुखद अनुभव बनाने के लिए बाजारों की बंदिश को चौबीस घंटे खोल दिया है, लेकिन इस आजमाइश को पर्यटन की जरूरत से जोडऩे के लिए सारे प्रदेश में पर्यटन या नाइट मार्किट की शुरुआत होनी चाहिए। पर्यटक गांव की परिकल्पना एक शुरुआत है, लेकिन इसकी पहल में पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय की भूमि रूठ गई या धर्मशाला के नरघोटा की प्रस्तावित साढ़े छह सौ कनाल भूमि से सियासी निजाम रूठ गया। एशियन विकास बैंक के ऋण व केंद्र की सहायता से हिमाचल की पर्यटन परियोजनाओं का श्रृंगार परिवर्तन ला सकता है। प्रस्तावित 2416 करोड़ की परियोजनाओं में से 1680 करोड़ की स्वीकृति से एक खाका तो बनाया जा सकता है, लेकिन बेहतर इस्तेमाल की वजह सामने आनी चाहिए। अतीत में पर्यटन के नाम पर सियासी बुर्ज तो खड़े हुए, लेकिन कई परिकल्पनाएं औंधे मुंह गिरीं। पर्यटन में रोमांच ही असल में सैलानियों को करीब लाता है। यह रोमांच अभी पूरी तरह परोसा नहीं गया, अतः कुछ सर्किट बना कर विकास करना होगा तथा साल के अनुरूप व ऋतुओं के स्वरूप में पर्यटन परियोजनाएं बनानी होंगी। हिमाचल की प्राकृतिक झीलों के अलावा कृत्रिम बांधों की विरासत में पर्यटन का ढांचा पौंग, भाखड़ा व कोल डैम के आसपास विकसित होना चाहिए।

# आधार सेंटर निजी कंपनी को देने की साजिश
## केंद्र संचालकों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**गोंदिया**-आधार पंजीयन संच एकीकृत बाल विकास सेवा योजना आयुक्तालय के माध्यम से जमा कराने के लिए निर्देशित किया गया है. गोंदिया जिले और राज्य के आधार पंजीकरण केंद्र संचालकों ने जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की है कि यह मामला महाआईटी के माध्यम से अनुचित है, या वीएलसी के माध्यम से आधार कार्ड का काम जारी रखा जाना चाहिए. जिले में पिछले कई वर्षों से सरकारी संस्था महाआईटी के माध्यम से आधार संबंधी कार्य किए जा रहे हैं. नियमानुसार सभी कार्य आधार केंद्र संचालकों द्वारा किए गए हैं. लेकिन, पिछले कुछ सालों से तय कमीशन ना मिलने के बावजूद कारोबार सुचारू रूप से जारी है. वहीं, एकीकृत बाल विकास सेवा योजना आयुक्तालय के माध्यम से आधार पंजीकरण संच जमा करने के निर्देश दिए गए हैं. जिससे आधार केंद्र संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है और खबर है कि इस केंद्र को चलाने के लिए एक निजी कंपनी को ठेका दिया जा रहा है. इससे मौजूदा आधार केंद्र संचालको को रोजगार खोने का डर है और यह अन्याय है.

### VLC के माध्यम से आधार का काम

गोंदिया जिले के आधार नामांकन केंद्र संचालक ने गोंदिया जिला प्रशासन को एक ज्ञापन में मांग की है कि आधार केंद्र का काम महाआईटी के माध्यम से या वीएलसी के माध्यम से जारी रखा जाए. ज्ञापन की प्रतियां जिलाधीश, जिप सीईओ और जिला महिला व बाल कल्याण अधिकारी, महाआईटी जिला समन्वयक गोंदिया को दी गई हैं. प्रतिनिधि मंडल में राकेश बघेले, आरती रामटेके, पंकज परशुरामकर, नीलकंठ बोरकर, अमोलकुमार कावले, सुषमा पटले, संदीप मेश्राम, भास्कर तागड़े, सुनीलकुमार भंडारकर, सुशांत कुथे, दुलीचंद निखाड़े, आशीषकुमार उके, महेंद्र सोनेवाने, ज्ञानेश्वर गायकवाड आदि का समावेश था.

# शहर के पुराने रामनगर पुलिस थाने में लगी आग
## दुर्घटना में 3 वाहन जलकर खाक



**गोंदिया**-शहर के पुराने रामनगर थाने की इमारत में 24 दिसंबर की रात करीब 11 बजे आग लग गई. आग ने तीन जब्त वाहनों और कुछ बेकार पुराने सामानों के साथ इमारत परिसर को खाक कर दिया. पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया. जिससे बड़ी दुर्घटना होने से टल गई. शहर के मध्य में स्थित नगर परिषद इमारत में अनेक दशकों से रामनगर पुलिस थाना कार्यरत था. क्योंकि इस थाने का कार्य क्षेत्र अधिक था और अधिकारियों व कर्मचारियों को सुचारू रूप से काम करने के लिए इमारत में जगह कम पड़ रही थी. इस इमारत से 200 मीटर की दूरी पर रामनगर थाने की नई इमारत बनाई गई है. कुछ माह पहले ही इस इमारत में रामनगर पुलिस थाने का संचालन शुरू हुआ है. पुरानी इमारत में कुछ पुराना माल और अपराध में जब्त किए गए वाहन है. इसी बीच मंगलवार की रात करीब 11 बजे इमारत में आग लग गई.

### सौभाग्य से कोई बड़ी क्षति नहीं हुई

इसकी सूचना जैसे ही पुलिस और फायर ब्रिगेड को मिली तो पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम के साथ मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया. सौभाग्य से कोई बड़ी क्षति नहीं हुई, लेकिन तीन वाहन और बेकार दस्तावेज जलकर खाक हो गए. माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी. प्रारंभिक आशंका है कि पुराने रामनगर थाने के भवन में शॉर्ट सर्किट से आग लगी, आग में तीन वाहन और बेकार पुराना सामान जलकर खक हो गया. समय रहते फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम ने आग पर काबू पा लिया. जिससे बड़ी दुर्घटना होने से टल गई.

# क्षत्रिय मराठा कलार की बाइक रैली
## समाज बंधुओं ने दिया अपनी एकता का परिचय



**गोंदिया**-क्षत्रिय मराठा कलार समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जन्मोत्सव व सद्भावना बाइक रैली निकाली गई. जिसमें 700 से अधिक बाइक के साथ समाज बंधु भगिनि शामिल हुए थे. रैली समाज भवन, बाजपेई चौक, चांदनी चौक, दुर्गा चौक, गोरेलाल चौक, गांधी प्रतिमा, विधायक कार्यालय, मोदी पेट्रोल पंप, जयस्तंभ, बालाघाट टी प्वाइंट, रानी अवंती चौक, कुड़वा नाका, पाल चौक, यादव चौक, मढ़ी, रामचंद्र ऑयल मिल, मुन्ना चौक होते हुए वापस समाज भवन में पहुंची. समाज के अध्यक्ष विनायक गजघाट के आव्हान पर समाज बंधुओं ने अपनी एकता का परिचय दिया. सफलतार्थ सचिव डा. वेदप्रकाश चौरागड़े, उपाध्यक्ष तिलक गंगभोज, श्रीधर राऊत, नंदकिशोर दियेवार, कमलाकर चौरागडे, पूजा डाहाके, महिला अध्यक्ष धनश्री पालेवार, नवयुवक अध्यक्ष रजत धुवारे, नवयुवती अध्यक्ष अलीशा कावड़े व समस्त कार्यकारिणी टीम ने प्रयास किया. अध्यक्ष द्वारा 25 दिसंबर को होने वाले राष्ट्रीय महासम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए देश भर के समाज बंधुओं से सहपरिवार आने का निवेदन किया

# पोक्सो कानून और स्त्री भ्रूण हत्या पर की जागृति
## तहसील विधि सेवा समिति का आयोजन



**लाखांदूर**-नाबालिगों के अत्याचार एवं स्त्री भ्रूण हत्या के प्रतिबंध के लिए पोक्सो कानून सहित अन्य कानून व स्त्री भ्रूण हत्या पर जागृति की गई. उक्त जागृति 24 दिसंबर को तहसील के दिघोरी/मो. स्थित जिप कनिष्ठ महाविद्यालय में तहसील विधि सेवा समिति एवं अधिवक्ता संगठन के संयुक्त पहल में आयोजित कानून विषयक साक्षरता शिविर के तहत की गई. शिविर की अध्यक्षता लाखांदूर कोर्ट के न्यायाधीश पूजा कोकाटे ने की. मुख्य अतिथि सरकारी अभियुक्ता एड. एम. एस. लांडगे, एड. आर. के. ठवरे, एड. जे.डी. राउत सहित अन्य मान्यवर उपस्थित थे. इस शिविर के तहत मान्यवरों ने वैश्विक मानवाधिकार दिन, राष्ट्रीय ग्राहक दिन, पोक्सो एवं स्त्री भ्रूण हत्या सहित अन्य विभिन्न कानूनों पर विस्तृत रूप से मार्गदर्शन किया. इस शिविर में महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे. प्रस्तावना मुख्याध्यापक एस. बी. खंडाईत, संचालन सहायक शिक्षक के. वाय. सोनवाने एवं आभार आर. के. कोड़ापे ने माना. इस शिविर के सफल आयोजन के लिए लाखांदुर कोर्ट के सहायक अधीक्षक एन. सी. मोहुर्ले, कनिष्ठ लिपिक बी. बी. निनावे, बेलीफ पी. सी. मेश्राम, पी.एल.वी. शशिकांत सोनकुसरे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

# विद्यावाचस्पति से धर्मेंद्र भालेकर सम्मानित



**आमगांव**-भवभूति महाविद्यालय में अधीक्षक पद पर कार्यरत धर्मेंद्र भालेकर उर्फ असीम आमगांवी को उनके काव्य लेखन के लिए उज्जैन के श्री मौन तीर्थ हिंदी विद्यापीठ द्वारा मानद उपाधि विद्यावचस्पति (पीएचडी) से सम्मानित किया गया. भालेकर को उनके लेखन की वजह से शायर के नाम से जाना जाता है. भालेकर का एक गजल संग्रह प्रकाशित हो चुका है. दूसरा गजल संग्रह जल्द ही प्रकाशित होने वाला है. अब तक इनकी कई गजलें राष्ट्रीय स्तर के गजल संग्रहों में प्रकाशित हो चुकी हैं. जिसमें उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में अल्फाज-ए-गजल, मथुरा में काव्य पुंज, हापुड़ में विहंगिनी, निलांबरा, कानपुर में काव्य चेतना, कोरोना व कलम, लखनऊ में शब्द-समीधा, इक्कीसवीं सदी के इक्कीसवें साल की बेहतरीन गजलें, मध्य प्रदेश के बालाघाट में अरहत, महाराष्ट्र के मुंबई में अग्निशिखा काव्यधारा, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कलम दवात, बिहार के छपरा में ग-से-गजल का समावेश है. भालेकर को वर्ष 1994 में दिल्ली के भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा आंबेडकर फेलोशिप, वर्ष 2017 में कानन साहित्य सम्मान, वर्ष 2018 में साहित्यदीप वाचस्पति सम्मान व प्रतिभा सम्मान, वर्ष 2019 में साहित्य श्री सम्मान, अरहत साहित्य सम्मान, राष्ट्रीय काव्य चेतना सम्मान, वर्ष 2020 में कलम दवात गौरव सम्मान, वर्ष 2021 में अलाबरदार-ए-गजल सम्मान, पैरोकार-ए-गजल सम्मान, वर्ष 2022 में आबरु-ए-गजल सम्मान, साहित्य रत्न सम्मान, वर्ष 2023 में शान-ए- गजल सम्मान, श्रद्धेय लक्ष्मणराव मानकर गुरुजी सम्मान, पासबान-ए-गजल सम्मान व वाणी पुत्र सम्मान आदि से सम्मानित किया गया है. भवभूति महाविद्यायल के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी व आमगांव नगर के सभी नागरिकों ने भालेकर को शुभकामनाएं दी हैं.

# सांता क्लाज से गिफ्ट पाकर खुश हुए नौनिहाल



**गोंदिया**-शहर में ईसाई समाज के अनुयायियों के साथ-साथ अन्य धर्म के लोगों ने भी मिलकर ईसा मसीह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। फायर चर्च द्वारा स्थानीय सेलिब्रेशन हॉल रामनगर प्रांगण में क्रिसमस मनाया गया। इस अवसर पर मार्गदर्शक के रूप में फायर चर्च गोंदिया के पास्टर रितेश निशाणे और माधुरी निशाणे तथा अतिथि के रूप में सर्वसमाज विचार मंच के वसंत गवली, सी.पी. बिसेन, संविधान मैत्री संघ के संयोजक अतुल सतदेवे, दिवाकर पंचभाई प्रमुखता से उपस्थित थे। पास्टर रितेश ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि ईसा मसीह ने मानवता और शांति का संदेश दिया। इस समय अनुयायियों ने एक दूसरे को विविध भेंट वस्तुएं और कार्ड देकर शुभकामनाएं दी। वहीं क्रिसमस की पूर्व संध्या पर चर्चों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। घरों में रोशनी कर घर को सजाया गया। %क्रिसमस ट्री सजावट% इस त्यौहार का एक अभिन्न अंग है। सांता क्लॉज ने बच्चों को चॉकलेट, केक, खिलौने आदि उपहार बांटे। वहीं मैत्री भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जेम्स स्कॉट, पिंकी चौरे, सिमा वैद्य ने किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रकाश जांभुलकर, राजू मेश्राम, ब्रदर जॉन जोशेफ, सुभाष देशमुख, अरविंद यादव, संजय साखरे, साहेबलाल चंदनबटवे, सीमा वैद्य, स्वेता चौरे, रानी स्कॉट, माधुरी जांभुलकर, छाया बुरुले, प्रवीण शेन्द्रे, अनमोल राऊत, रेशमा कावले, असुर पाथरे आदि ने प्रयास किया।

# वाहन की टक्कर में बाइक सवार की मौत



**गोंदिया**-तहसील के चिचगढ़ से कोरची की ओर जानेवाले मार्ग पर पंक्चर चौपहिया वाहन को दुपहिया वाहन चालक ने जोरदार टक्कर मार दी. इस घटना में 23 वर्षीय दुपहिया वाहन चालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई. यह घटना चिचगढ़ पुलिस थानांतर्गत ढासगढ़ परिसर में हुई. मृतक का नाम पिपरखारी निवासी मनिष परतेकी बताया गया है. यह घटना 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे के आसपास घटित हुई. मिली जानकारी के अनुसार कोरची होते हुए चिचगढ़ गांव की ओर जानेवाले मार्ग पर स्थित ढासगढ़ के पास पंक्चर चौपहिया वाहन क्रमांक एम.एच.12/जी.झेड. 6736 खड़ा था. इस दौरान मृतक मनीष परतेकी अपनी दुपहिया वाहन से पिपरखारी की ओर जा रहा था. वाहन की गति बहुत अधिक होने से दुपहिया वाहन से वह संतुलन खो बैठा और चौपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी. इस घटना में मनिष की मौके पर ही मृत्यु हो गई. पुलिस ने शव को ग्रामीण अस्पताल चिचगढ़ में शिवविच्छेदन के लिए भेज दिया है. मामले की जांच चिचगढ़ पुलिस कर रही है.

# अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर पकड़ा



**लाखांदूर**-चूलबंद नदी घाट से अवैध रूप से रेत की निकासी कर ट्रैक्टर के ट्राली में भरकर परिवहन करते एक ट्रैक्टर रेत सहित रंगेहाथ पकड़ा गया है. उक्त कार्रवाई 25 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे के दौरान तहसील के खैरी/घर मार्ग पर की गई है. इस मामले में लाखांदूर पुलिस ने तहसील के गूंजेपार निवासी चेतन तोंडरे (21) नामक ट्रैक्टर चालक सहित गडचिरोली जिले के देसाईगंज/वड़सा तहसील के कुरुड निवासी सोपान बुल्हे (23) नामक ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना के दिन सुबह के दौरान लाखांदूर थाने के पुलिस उपनिरीक्षक परमेश्वर आगासे व पुलिस अंमलदार सुभाष शहारे तहसील के मासल परिसर में गश्त पर गए थे. इस दौरान गूंजेपार से खैरी/घर मार्ग से मासल की ओर स्वराज कंपनी के एमएच 33 एसी 8727 क्रमांक के ट्रैक्टर से रेत परिवहन होते देखा गया. इस दौरान गश्त के पुलिस अधिकारी कर्मी ने ट्रैक्टर रोककर चालक से रेत परिवहन की रॉयल्टी मांगी. किंतु चालक ने रेत परिवहन की रॉयल्टी नहीं होने की जानकारी देने पर रेत तस्करी के आरोप में ट्रैक्टर चालक सहित मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर कुल 6.06 लाख रुपयों का माल जब्त किया है. इस मामले की आगे को जांच थानेदार सचिन पवार के मार्गदर्शन में शुरू की गई है.

# पानी के लिए फिर भटक रहे दो तहसीलों के 48 गांवों के लोग
## आमगांव न.प. पर 9.50 लाख तथा नागरिकों पर भी लाखों रु. का बकाया



**गोंदिया** -जिले की आमगांव व सालेकसा तहसील के 48 गांव तथा आमगांव शहर को शुद्ध जलापूर्ति करनेवाली बनगांव प्रादेशिक ग्रामीण जलापूर्ति योजना की जलापूर्ति 23 दिसंबर से बंद कर दी गई है. जिला परिषद के जलापूर्ति विभाग द्वारा जलापूर्ति करने वाली संस्था को बकाया का भुगतान नहीं किए जाने की वजह से लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है.

23 दिसंबर को जिला परिषद ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की देवरी शाका अभियंता राजेंद्र सतदेवे ने बताया कि 24 दिसंबर से जलापूर्ति योजना बंद की जा रही है. जिसके अनुसार 24 दिसंबर को आमगांव एवं सालेकसा तहसील के 48 गांव तथा आमगांव शहर में जलापूर्ति नहीं की गई. जलापूर्ति बंद करने की पूर्व सूचना नहीं दिए जाने की वजह से कई लोग चिंतित दिखाई दिए. बहुत से लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है. आमगांव नगर परिषद तथा ग्रामपंचायत द्वारा पानी कर समय पर नहीं भरे जाने की वजह से कई बार योजना बंद पड़ी. जिसमें आमगांव नगर परिषद अंतर्गत 8 गांव आते हैं. जिनमें से आमगांव की स्वंतत्र नल योजना शुरु है. इस कारण बनगांव प्रादेशिक ग्रामीण जलापूर्ति योजना बंद होने के बावजूद लोगों को पानी मिल जाता है. सिर्फ आमगांव नगर परिषद में आने वाले 7 गांवों को पानी नहीं मिलता है. नतीजतन नागरिकों को पानी के लिए भटकना पड़ता है. आमगांव नगर परिषद पर 9.50 लाख रु. का बकाया होने की जानकारी सामने आई है. अन्य ग्राम पंचायतों पर भी लाखों रु. का पानी कर बकाया है.

### बंद पड़ रही जलापूर्ति योजना

पानी विल समय पर नहीं भरे जाने की वजह से महावितरण की ओर से योजना की बिजली आपूर्ति खंडित की जाती है. कभी वाहन खराब होने पर समय पर मरम्मत नहीं हो रही है. जिससे योजना चलानेवाले जिला परिषद के जलापूर्ति विभाग को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. विभाग की ओर से बार-बार नगर परिषद, ग्रामपंचायत व ग्राहकों से पानी विल समय पर भरने का आग्रह किया जाता है. इसके बावजूद समय पर बिल जमा नहीं होने से योजना बंद पड़ रही है.

### जि.प. के जलापूर्ति विभाग को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

बनगांव प्रादेशिक ग्रामीण जलापूर्ति योजना द्वारा आमगांव नगर परिषद समेत आमगांव व सालेकसा तहसील के 48 गांवों व शहर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाती है. लेकिन जलापूर्ति बिल समय पर जमा नहीं होने से जलापूर्ति खंडित हो रही है. आमगांव नगर परिषद पर 9.50 लाख रु. का बकाया है. अन्य ग्रामपंचायतों पर लाखों रुपए का बकाया है. यह बकाया जमा होते ही संबंधित कंपनी को बिल भरा जाएगा. जलापूर्ति को सुचारु कराया जाएगा.

**सुमित बेलपत्रे, कार्यकारी अभियंता,**
**जलापूर्ति विभाग, जि.प. गोंदिया**

# ग्राहक अधिकारों के प्रति सदैव रहें सतर्क राष्ट्रीय ग्राहक दिन कार्यक्रम का आयोजन

## वर्तमान में उचित मूल्य और शुद्धता ग्राहक की मुख्य जरूरत

**गोंदिया**–बाजार से कोई भी वस्तु खरीदते समय धोखा न हो, इसलिए ग्राहक हमेशा अपने अधिकारों और हक के बारे में जागरूक रहें. यह बात जिला ग्राहक शिकायत निवारण आयोग के सचिव अतुल अलशी ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति व ग्राहक संरक्षण विभाग द्वारा जिलाधीश कार्यालय में स्थित जिला नियोजन समिति के सभागृह में आयोजित %राष्ट्रीय ग्राहक दिन% कार्यक्रम में कही. इस अवसर पर जिला आपूर्ति अधिकारी सतीश अगड़े, सहायक मोटर वाहन निरीक्षक स्वप्निल कुरसुंगे, सहायक जिला सूचना अधिकारी कैलाश गजभिये, ग्राहक शिकायत निवारण आयोग के अध्यक्ष नारायण बावनकर, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के संगठक योगेश्वर सोनुले, जिला ग्राहक शिकायत मंच संगठिका शारदा सोनकनवरे व ग्राहक पंचायत सचिव संजीव बापट उपस्थित थे.

### उपभोक्ता हमेशा रहें जागरूक

शारदा सोनकवरे ने कहा कि ग्राहकों को हमेशा जागरूक रहना चाहिए ताकि ग्राहकों को धोखा न मिले. बिंदु माधव जोशी ने ग्राहकों के हित में कानून बनाने में अहम भूमिका निभाई. ग्राहकों के हित के लिए जिले में ग्राहक संरक्षण पंचायत समिति कार्यरत है तथा उक्त समिति ग्राहकों के हित के लिए सदैव तत्पर रहती है. जिन नागरिकों का आधार कार्ड



अपडेट नहीं है उनके लिए कैम्प आयोजित किए जाए. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को इस बात पर विशेष ध्यान देना चाहिए कि कई ग्राहकों की शिकायत है कि नागरिकों को राशन दुकानों से अनाज नहीं मिल रहा है तथा बाजार में दुकानदारों के तौल कांटे खराब हैं तथा वजन में भी अंतर आ रहा है. विभिन्न मेडिकल स्टोर्स में दवाओं की कीमत में फरक दिखाई दे रहा है. इस ओर जिला प्रशासन ने विशेष ध्यान देना चाहिए.

कैलाश गजभिये ने कहा कि एक ग्राहक के तौर पर आपको अपने अधिकारों और अधिकारों के प्रति हमेशा जागरूक रहना चाहिए. उचित मूल्य और शुद्धता ग्राहक की मुख्य जरूरत है. ग्राहकों को उनका अधिकार मिले, इसके लिए ग्राहक संरक्षण अधिनियम बनाया गया है. इस कानून के मुताबिक अब कोई भी ग्राहक अनुचित व्यापार की शिकायत कर सकता है. इसके लिए उन्हें पूरा अधिकार दिया गया है. यह कानून अतीत में व्यापारियों के कारोबार में होने वाली हेराफेरी को ध्यान में रखते हुए या है. वहीं योगेश्वर तैयार किया गया सोनुले ने कहा कि ग्राहक संरक्षण अधिनियम 2019 में नये प्रावधान शामिल किये गये हैं स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करें. ग्राहक आंदोलन को बढ़ाने के लिए जिले में जिला ग्राहक संरक्षण समिति का गठन किया जाना चाहिए. इस अवसर पर जिलाधीश कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास बाट-माप कार्यालय, उप प्रादेशिक परिवहन कार्यालय के व पेट्रोल की शुद्धता व मापक यंत्र के स्टॉल लगाये गये थे.

प्रस्तावना जिला आपूर्ति अधिकारी सतीष अगड़े ने रखी. संचालन आपूर्ति निरीक्षक हेमराज शहारे ने किया व आभार आपूर्ति निरीक्षक कमलेश मेश्राम ने माना. कार्यक्रम में निरीक्षक अधिकारी सचिन काले, विद्युत वितरण के कार्यकारी अभियंता आनंद जैन, ग्राहक पंचायत के अधिकारी, राशन दुकानदार उपस्थित थे.

# मरम्मत व रखरखाव न होने के कारण खराब स्थिति में ब्रिटिश-कालीन कुटी बनी खंडहर

**गोबरवाही**–समीपस्थ चिचोली गांव में मुख्य अंतरराज्यीय तुमसर-कटंगी महामार्ग पर वन विभाग की ब्रिटिश कालीन निरीक्षण कुटी है. स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भी सन 1990 तक सरकार एवं वन विभाग द्वारा इसकी मरम्मत एवं रखरखाव ठीक ढंग से होता था. परंतु पिछले 34 वर्षों से सरकार एवं वन विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है. स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भी विधायक, राज्य एवं केंद्र के मंत्री भी इस निरीक्षण कुटी में विश्राम करते थे. जिला, डिवीजन स्तर के वन अधिकारी यहां आकर बैठक करवाते थे, विश्राम भी करते थे खानसामा भी था. इस परिसर में वन कर्मचारी के निवास स्थान भी थे, यह अब खंडहर बन चुका हैं. जब तक मरम्मत होती रही तब तक यह परिसर सुंदर और दर्शनीय था, वन विभाग अत्यंत महत्वपूर्ण सरकारी विभाग है. वनों एवं वन संपदा से राज्य शासन को राजस्व भी प्राप्त होता है, इस परिसर में भूमि भी बहुत उपलब्ध है, सरकार ने इस ओर ध्यान देकर सुंदर उद्यान तैयार कर, कॉटेज बनाकर पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराना चाहिए, जिससे सरकार को राजस्व से प्राप्त होगा. यह क्षेत्र पर्वतों से घिरा वनांचल है, कुछ ही दूरी पर चांदपुर देवस्थान, ऐतिहासिक अंबागढ़ किला, राजीव सागर, घना जंगल प्रकृति का सुंदर वातावरण इस क्षेत्र में है.



# केंद्रीय मानवाधिकार संगठन ने किया प्राची का सम्मान

**भंडारा**–केंद्रीय मानवाधिकार संगठन, नई दिल्ली (महाराष्ट्र राज्य) और भंडारा जिले की ओर से संविधान दिवस और विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जिला परिषद सभागृह में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में भारतीय आट्यापाट्या संघ की कप्तान प्राची चटप को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को स्वर्ण पदक दिलाने की उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी और जिला दंडाधिकारी डॉ. संजय कोलते ने की. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नूरूल हसन, न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव बिजू बा. गवारे, जिला उपवन संरक्षक राहुल गवई, जिला जेल अधीक्षक संतोष क्षीरसागर, केंद्रीय मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मिलिंद दहीवले समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे. इस समय प्राची और उनकी माता दुर्गा चटप को शाल, श्रीफल, प्रमाणपत्र और भारतीय संविधान भेंटकर सम्मानित किया गया. प्राची को इस सफलता पर संगठन और जिले के पदाधिकारियों, जैसे सोपान रंगारी, नाशिक चवरे, महेंद्र तिरपुड़े, पंकज वानखेड़े और प्रवीण भोंडे सहित उनके समर्थकों ने शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम का संचालन प्रा. शेखर बोरकर और श्वेता मिश्रा ने किया, जबकि प्रस्तावना डॉ. देवानंद नंदागवली ने दी. धन्यवाद ज्ञापन जयेंद्र देशपांडे ने किया. प्राची की इस उपलब्धि ने पूरे जिले का गौरव बढ़ाया.



# कामठा के कुशाग्र ने बढाया जिले का गौरव

**गोंदिया** = गोंदिया तहसील के कामठा निवासी कुशाग्र किशोर श्रीवास्तव ने महज 18 वर्ष की उम्र में भारतीय सेना में लेफ्टीनेंट बनकर जिले का गौरव बढ़ाया है. बता दें कि कुशाग्र श्रीवास्तव ने महज 18 वर्ष की उम्र में यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण की थी. उसके बाद उन्होंने भारतीय सेना में अगले 4 वर्ष के लिए ऑफीसर्स ट्रेनिंग अकादमी में हिस्सा लिया तथा इंदोर के महू शहर में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किया. प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद 14 दिसंबर 2024 को देहरादून के इंडियन मिलिट्री अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड में उत्तीर्ण होकर कामठा के कुशाग्र श्रीवास्तव ने भारतीय सेना में लेफ्टीनेंट का पद हासिल कर कामठा के साथ ही संपूर्ण जिले को गौरवान्वित किया है. इस पासिंग आउट परेड में कुशाग्र के माता- पिता एवं भारतीय थल सेना के सेना प्रमुख तथा नेपाल के जनरल उपस्थित थे.



# अज्ञात हथियार से अज्ञात व्यक्ति की हत्या

**गोंदिया**–आमगांव तहसील के ग्राम चिरचालबांध में अज्ञात व्यक्ति की अज्ञात हथियार से हत्या कर दी गई. यह घटना 24 दिसंबर को सामने आई है. इस मामले में सालेकसा पुलिस ने चिरचालबांध निवासी आरोपी राजेंद्र कुंभराज जगने (30) के खिलाफ मामला दर्ज किया है. जानकारी के अनुसार आमगांव तहसील के ग्राम चिरचालबांध में पिछले 15-20 दिनों से अज्ञात व्यक्ति भीक मांग रहा था. आरोपी राजेंद्र कुंभराज जगने (30) ने अज्ञात कारण से उसके सिर पर अज्ञात हथियार से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी. बासीपार पुलिस पाटिल विकेशकुमार मधुकरजी श्यामकुवर (38) की शिकायत पर सालेकसा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है. जांच आमगांव थाने के पुलिस उपनिरीक्षक निलकंठ गिते कर रहे हैं.

# मुख स्वास्थ्य बनाए रखना है तो तंबाकू का सेवन न करें : मेश्राम

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में किया आह्वान



**गोंदिया**–मुख स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए तंबाकू का सेवन टाले। मुख का व्यायाम करते रहे। नशीली सामग्री से दूर रहे ऐसा आह्वान मनोवैज्ञानिक एन. मेश्राम ने किया। वे बतौर मार्गदर्शक राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में बोल रहे थे। 23 दिसंबर को जिला शल्य चिकित्सक डा. अमरीश मोहबे, अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डा. तृप्ति भगत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण और राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत के.टी.एस. जिला सामान्य अस्पताल में स्वतंत्रता संग्राम सैनिक हीरालाल जैन की प्राथमिक, मध्यामिक और उच्च विद्यालय खोबा, सड़क-अर्जुनी का दौरा किया गया। इस अवसर पर सुरेखा आजाद, एन. मेश्राम मनोवैज्ञानिक ने छात्रों को तंबाकू के होनेवाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और उन्हें इस आदत को छोड़ने के तरीके बताए।

मार्गदर्शन ने कहा कि, चना, मूंगफली, मौसमी फल का उपयोग एवं मुंह का व्यायाम, अपने मुंह को कैसे साफ करें, मुंह साफ करें और मौखिक स्वच्छता की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नशे के आदी 20 बच्चों को नशा छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया और 05 छात्र ऐसे थे, जिनकी तंबाकू के सेवन से मुंह खोलना बंद हो गया था और उन्हें केटीएस जनरल अस्पताल में इलाज के लिए रेफर किया गया।

# देवरी आदिवासी विकास प्रकल्प के विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन

**देवरी ( गोंदिया )**– आदिवासी विकास विभाग नागपुर के तहत - चिमूर, चंद्रपुर, भंडारा, देवरी, नागपुर, - वर्धा, गड़चिरोली, भामरागड़, अहेरी के 9 - प्रकल्प में शासकीय और अनुदानित आश्रम शालाओं के 2983 विद्यार्थियों के लिए हाल - ही में तहसील क्रीड़ा संकुल ब्रह्मपुरी में तीन - दिवसीय संभागीय खेल आयोजित किए ड्ड गए। इसमें छह वर्ष बाद देवरी परियोजना - ने पहली बार प्रतियोगिता में सामान्य - उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। इस समय विविध स्पर्धाओं में देवरी के विद्यार्थियों ने अपना उत्तम प्रदर्शन कर कामयाबी हासिल की। परियोजना अधिकारी उमेश काशिद की सूक्ष्म योजना ने इन खेल आयोजनों की सफलता में योगदान दिया। चयनित विद्यार्थियों के लिए 4 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर विद्यार्थियों को बाहर से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस समय डॉ. परियोजना के खेल समन्वयक सुनील भुसारी ने कहा कि यह जीत डा. सायली चिखलीकर एवं अन्य सभी सहायक परियोजना अधिकारियों, सभी खेल-प्रेमी शिक्षकों, प्राचायों, हाउसकीपरों, अधीक्षकों, प्रशिक्षकों और परियोजना के अन्य सभी अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से हासिल हुई है। व्यक्तिगत स्पर्धा में राज्यस्तर पर वैभव ब्राह्मणकर (जमाकुडो), चेतन मडावी (कडिकासा), बोरगांव निवासी त्रिवेणी कोरम, संध्या भोयर, माया नरेटी आशा चुलपार (शेंडा), सुभाष कुंभरे (पुराडा), मनीष सहाडा (देवलगांव), सिरेगांवबांध निवासी आकाश वट्टी, जयकुमार कामरो, हसीना सोनवणे (म्हैसुली), विशाखा सलामे (इलदा), राघनी बघवा (केशोरी) आदि का चयन किया गया है।



# छात्रों को दिलाई तंबाकू मुक्ति की शपथ



**गोंदिया**–राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आमगांव तहसील के ठाना के गुरुकृपा आदिवासी प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक आश्रम स्कूल में मनोवैज्ञानिक सुरेखा आजाद मेश्राम ने विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्परिणाम के विषय में समुपदेशन किया. इस दौरान व्यसन और तंबाकू मुक्ति के बारे में जानकारी दी गई. साथ ही चना, मूंगफली, मौसमी फल, मुंह का व्यायाम, स्वयं मुख परीक्षण कैसे करें, स्वच्छ मुख व मौखिक स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई. समुपदेशन के दौरान 4 लड़कियां व 3 लड़के व्यसन वाले पाए गए. इन छात्रों को व्यसन छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया. 3 विद्यार्थी ऐसे पाए गए जिनका मुंह खुलना बंद हो रहा था. इन बच्चों को उपचार के लिए केटीएस अस्पताल बुलाया गया. साथ ही तंबाकू के दुष्परिणाम को लेकर विद्यार्थियों की स्पर्धा के पुरस्कार भी वितरित किए गए. पुरस्कार में टिफिन बैग, लंच बॉक्स, कलर पेन, साधा पेन व पानी बोतल वितरित की गई. इस स्पर्धा में 271 में से 13 छात्रों ने हिस्सा लिया. साथ ही शिक्षकों को तंबाकू के दुष्परिणाम व कोटपा कानून 2003 की जानकारी दी गई. जानकारी पुस्तक व आईईसी दी गई. समाजसेवी संध्या शंभरकर ने सभी शिक्षक व विद्यार्थियों को शपथ दिलाई. इस दौरान दंत सहायक विवेकानंद कोरे ने सहयोग किया.

# मुफ्त कानूनी सेवा चिकित्सालय जरुरतमंदों के लिए वरदान : बारसागडे

**अर्जुनी मोरगांव** -नगराध्यक्ष मंजुषा बारसागडे ने कहा कि न्यायालयीन खर्च सामान्य परिवारों के बूते से बाहर है. गरीब महिलाएं व पुरुष न्याय से वंचित रह जाते हैं. तलाक, संपत्ति का अधिकार व पारिवारिक हिंसा की शिकार महिलाओं को न्यायालय का खर्च व उसकी जानकारी नहीं रहने से अन्याय सहन करना पड़ रहा था. इसी को गंभीरता से लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गरीब जरुरतमंद महिला-पुरुषों को न्यायालय प्रक्रिया में मदद के चलते मुफ्त कानूनी सेवा चिकित्सालय बनाया गया, इससे समाज के कमजोर वर्गों को न्याय पाने की राह आसान हो जाएगी. यह चिकित्सालय जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित होगा. वे स्थानीय नगर पंचायत में गोंदिया जिला विधि सेवा समिति, तहसील विधि सेवा समिति व अर्जुनी मोरगांव न.पं.के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विधि सेवा चिकित्सालय के उद्घाटन अवसर पर बोल रही थीं. इस दौरान न.प. उपाध्यक्ष ललिता टेंभरे, गटनेता यशकुमार शहारे, सभापति राधेश्याम भेंडारकर, नगरसेविका इंदू लांजेवार, तहसील विधि सेवा समिति पैनल के एड. हीरालाल तुलसीकर, पी.एल.वी. यश हर्षे व अभियंता निखिल बंड उपस्थित थे. इस दौरान एड. तुलसीकर द्वारा बीपीएलधारक पुरुष व सभी प्रवर्गों की महिलाओं के लिए विधि सेवा चिकित्सालय का सुप्रीम कोर्ट की ओर से किया गया. सोमवार व बुधवार को सप्ताह में दो दिन लाभार्थियों के लिए मुफ्त कानूनी विषयक सलाह दी जाएगी. इस विधि सेवा चिकित्सालय का शहर के नागरिक लाभ उठाएं. नगर पंचायत में मुफ्त विधि सेवा चिकित्सालय कक्ष निर्माण किया गया है. एड. तुलसीकर कानूनी विषयक जानकारी जरुरतमंदों को देने में मदद करेंगे. कक्ष का उद्घाटन वारसागडे के हाथों किया गया. कार्यक्रम की सफलता के लिए कर निर्धारण अधिकारी दिलीप उईके, लेखापाल एकनाथ चौहान, लिपिक सुमित मेश्राम, शुभम गौरकर, दीपक राऊत, योगेश्वरी मेश्राम, नीमिश मुरकुटे, दुर्योधन नेवारे, अरविंद लांजेवार व अश्विनी शहारे ने परिश्रम किया.



# नवरगांवकला के खिलाड़ियों ने जीती खो-खो प्रतियोगिता

**गोंदिया**–तहसील के ग्राम मुरदाडा में तहसील स्तरीय क्रीड़ा व सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित हुआ. जिसमें प्रमुखता से गोंदिया तहसील अंतर्गत जिप माध्यमिक शालाओं ने भाग लिया था. उसमें उच्च प्राथमिक छात्रों की खो-खो व कबड्डी जिप उच्च माध्यमिक शाला नवरगांवकला के खिलाड़ियों ने तहसील में फाइनल स्पर्धा जीतकर जिला स्तर के लिए सफलता प्राप्त की. वहीं खो-खो में ग्राम नवरगांवकला के खिलाड़ियों ने तहसील में द्वितीय क्रमांक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की. उसी तरह वैयक्तिक खेलों में भी प्रथम क्रमांक प्राप्त किया. इन सभी विद्यार्थियों व खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए ग्राम नवरगांवकला के सरपंच कार्तिक हेमने, उपसरपंच नितेशकुमार गजघाट, शाला व्यवस्थापन समिति अध्यक्ष नरेंद्र गजबे, उपाध्यक्ष सुनिता ब्राह्मणकर, सुरेश गजभिये, सुरेन्द्र कांबडे, मुख्याध्यापक येडे, शिक्षक सारवे, तावाडे, शरणागत, शेख मैडम, रहांगडाले, ठाकरे, तिवारी, बावनथडे, अंजली बोहरे, गणेश हूमे, कुंवरलाल ठाकुर, वंदना ढवरे, रेखा नंदागवली आदि उपस्थित थे. इस अवसर पर खिलाड़ियों का सत्कार किया गया.



# तेंदुए के हमले से 6 साल की बच्ची हो गई घायल

## देवरी तहसील के धमदीटोला की घटना



**गोंदिया**-देवरी तहसील के दक्षिण देवरी वन परिक्षेत्र के बोंडे बीट अंतर्गत ग्राम धमदीटोला में तेंदुए के हमले में एक 6 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई. घायल बच्ची का नाम जानवी किशोर कुमरे बताया गया है. जानवी अपने परिवार के साथ धमदीटोला से करीब एक से डेढ़ किमी. दूर खेत पर गई थी. जब परिवार के सदस्य खेत में काम कर रहे थे, तभी अचानक एक तेंदुए ने जानवी पर हमला कर दिया और परिवार के शोर से तेंदुआ जंगल में भाग गया. इस घटना से धमदीटोला इलाके में भय का माहौल है. तेंदुए के हमले में बच्ची के सिर पर चोट लगने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घोनाड़ी में भर्ती कराया गया, वहां से उसे ग्रामीण अस्पताल चिचगढ़ में भर्ती कराया गया. डाक्टरों ने आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल गोंदिया रेफर कर दिया है.

### वन विभाग ने की सतर्क रहने की

अपील देवरी वन परिक्षेत्र वन विभाग गोंदिया के माध्यम से नागरिकों को जंगल के पास के खेतों में जंगली जानवरों की उपस्थिति के कारण छोटे बच्चों, बुजुर्गों को अकेले रखना या कुछ दूरी पर खेलने के लिए छोड़ना खतरनाक है. रात के समय गांवों में जंगली जानवरों के हमले की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता. देवरी वन विभाग ने जनता से अपील की है कि वे तेंदुए से बचाव के लिए घर के पास की झाड़ियों को साफ-सुथरा रखें, मुर्गियों, बकरियों और घरेलू जानवरों को घर में खुला न छोड़ कर बंद परिसर में रखें.

# लोकनिर्माण विभाग के अभियंता का अपहरण, रायपुर में छोड़ दिया

## पैसे की मांग नहीं की? मारपीट भी नहीं की, महामार्ग के पास होश आने पर ट्रक से लौटे अभी पूरी तरह होश में नहीं आए हैं, गोंदिया से चारपहिया वाहन से ले गए थे बदमाश

**गोंदिया** -एक अभियंता का अपहरण कर बदमाशों ने रायपुर में छोड़ दिया। अजीबोगरीब मामले में यह पता नहीं चल पा रहा है कि पैसे की मांग नहीं की? मारपीट भी नहीं की गई। अभियंता बेहोशी की हालत में मिले। फिलहाल मामले की जांच पुलिस कर रही है। गोंदिया के लोकनिर्माण विभाग क्रमांक 1 में अभियंता के पद पर कार्यरत गोंदिया तहसील के लहीटोला निवासी शिवरतन चुलपार का अपहरण कर उन्हें छत्तीसगढ़ के रायपुर में छोड़ दिया गया। जहां वे बेहोशी की हालत में पाए गए। यह घटना 24 दिसंबर को प्रकाश में आई है। मिली जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर को अभियंता शिवरतन चुलपार प्रतिदिन की तरह कार्य स्थल के लिए जा रहे थे, इसी



बीच अज्ञात चौपहिया वाहन चालकों ने उन्हें जबरन वाहन में बैठाया और रायपुर ले जाकर छोड़ दिया। सोमवार से गुमशुदा चुलपार का मोबाइल भी बंद आने से परिजनों ने खोज अभियान शुरू किया था। मंगलवार को सुबह 10 बजे चुलपार को छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर समीपस्थ राष्ट्रीय महामार्ग परिसर में बेहोशी की हालत में पाया गया। होश में आने के बाद उन्होंने महामार्ग से गुजर रहे ट्रक को हाथ दिखाया और लिफ्ट मांगी। उक्त ट्रक में बैठने के बाद ट्रक चालक के मोबाइल से चुलपार ने अपने परिजनों को फोन लगाकर आपबीती बताई। इसके बाद ट्रक जिले की सीमा देवरी चेकपोस्ट पर आते ही ट्रक चालक ने पुलिस को जानकारी दी और चुलपार को पुलिस को सौंप दिया।

# लोग खुले में फेंक रहे कचरा

## शहर में कचरे के शहर म डिब्बे भी गायब



**गोंदिया**-शहर में जहां जगह मिली वहीं कचरा फेंकने का चलन बढ़ गया है. नगर परिषद द्वारा शहर में जहां तहां लगाए गए गीला व सूखा कचरे के डिब्बों को कुछ एक स्थानों से चोरों ने चुरा लिया है. शहर में नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहा सूखा, गीला कचरा अलग कर देने के अभियान को नागरिकों द्वारा प्रतिसाद दिया जा रहा है. वहीं कुछेक लोग सूखे व गीले कचरे को जहां जगह मिली वहीं फेंकने का काम कर रहे हैं. शहर में नियमित रूप से घंटागाड़ी घूम रही है. इसके बावजूद कुछेक लोग सड़क किनारे कचरा फेंक देते हैं. जहां पर गीले व सूखे कचरे की पेटियां लगाई गई थीं, वह अब वहां से गायब हो चुकी है. नप सफाई विभाग द्वारा नागरिकों से आह्वान किया गया था कि गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग स्थान पर डाला जाए. लेकिन कुछेक लोग इसे स्वीकार न करते हुए कचरे को कहीं भी फेंक देते है. इसी तरह जहां खुले मैदान है, वहां कचरे के ढेर लगे रहते है.

# शिक्षा से ही प्रगति होगी - पूर्व विधायक राजेंद्र जैन




**गोंदिया**-गोंदिया शिक्षण संस्था द्वारा संचालित जी.ई.एस. हायस्कूल एवं कनिष्ठ महाविद्यालय दासगांव बु. में पूर्व विधायक एवं गोंदिया शिक्षण संस्था के सचिव श्री राजेंद्र जैन के शुभ हस्ते 53 वा वार्षिक स्नेह सम्मेलन अविष्कार का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बौद्धिक स्पर्धा, गीतगायन स्पर्धा के माध्यम से प्रतिभा व कला का प्रदर्शन करेंगे। गोंदिया एवं भंडारा जिले में शैक्षणिक क्रांति लाने का काम शिक्षा महर्षि स्व.मनोहरभाई पटेलजी ने किया हैं। गोंदिया शिक्षण संस्था के माध्यम से दोनों जिले के विद्यार्थियों को उच्च व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इस उद्देश्य से सांसद श्री प्रफुल पटेलजी एवं अध्यक्षा श्रीमती वर्षाताई पटेल ने इसका कुशलतापूर्वक संचालन किया है यह प्रतिपादन संस्था सचिव व पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने किया। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते पूर्व विधायक श्री राजेंद्र जैन ने कहा, आज स्पर्धात्मक युग में कामयाब होने के लिए शिक्षा ग्रहण करना जरुरी है। कठिन परिश्रम व लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है ओर जीवन में अपने लक्ष्य को हासिल कर सफलता के मार्ग पर हर व्यक्ति पहुंचना चाहता है, व्यक्ति के सर्वांगीण विकास व प्रगति के लिये शिक्षा जरुरी है, शिक्षा ही सफलता की कुंजी हैं। कार्यक्रम में सर्वश्री राजेंद्र जैन, वैभव पवार, गोविंद तुरकर, रानूताई तुरकर, बोहने ताई, प्रियाताई हरिनखेड़े, प्रकाश बरैय्या, सुनील पटले, योगेश बिसेन, विश्वनाथ चौधरी, दिनेश तुरकर, सतीश दमाहे, गिताताई उइके, मिथुन गजभिये, पदमाताई रंगारी, सतीश कोल्हे, भीवराम हरिनखेड़े, रौनक ठाकुर, रानी बरैय्या, चैतन्य गौतम, आदित्य गौतम, अनिल बावनकर, कोमल राहंगडाले शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी व विद्यार्थी बहुसंख्या में उपस्थित थे।

# न्याय नहीं मिला तो करेंगे विरोध प्रदर्शन

## जातिसूचक दुर्व्यवहार के खिलाफ दर्ज किया अदखलपात्र मामला



**गोरेगांव**-कलपाथरी निवासी दुर्योधन कोरे (30) ने 24 नवंबर को तुषार प्रधान के मोबाइल नंबर पर कॉल किया और प्रज्वल बोरकर और दलित समुदाय को जातिसूचक दुर्व्यवहार किया. मोबाइल रिकॉर्डिंग के आधार पर गोरेगांव पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन पुलिस ने मोबाइल रिकॉर्डिंग की जांच किए बिना ही अदखलपात्र मामला दर्ज कर लिया और कोर्ट से न्याय मांगने कहा. 2 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक गोंदिया को शिकायत दर्ज कराने के बाद भी पुलिस ने मोबाइल रिकॉर्डिंग की जांच नहीं की और आरोपी को छोड़ दिया. ऐसा आरोप प्रज्वल बोरकर और उनके साथियों ने लगाया है. गोरेगांव में प्रज्वल और प्रतीक ने बताया कि अगर अगले दो दिनों में दलित समुदाय को न्याय नहीं मिला तो वे भीम आर्मी, बहुजन वंचित आघाड़ी, शिव सैनिक और कलपाथरी दलित समुदाय के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करेंगे. इस दौरान शाम डोंगरे, प्रज्वल बोरकर, प्रतिक बोंबार्डे, शुभम डोंगरे, गौतम रामटेके, मयुर डोंगरे, विनोद बोरकर, चंद्रकुमार बोरकर, सिध्दार्थ रामटेके, आकाश बोरकर, अतुल डोंगरे, ओमदास मेश्राम उपस्थित थे.

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में म्हैसुली के छात्रों का चयन



**देवरी**-आदिवासी विकास विभाग की ओर से आयोजित विभागीय क्रीड़ा स्पर्धा में सोनियाबाई दुधनाग प्राथमिक व माध्यमिक आदिवासी आश्रम स्कूल म्हैसुली के 3 छात्रों का राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन किया गया. 3, 4 व 5 जनवरी 2025 को नागपुर में आयोजित राज्य स्तरीय स्पर्धा में यह छात्र भाग लेंगे. चयन छात्रों में 17 वर्ष आयु कबड्डी स्पर्धा में वीरेंद्र प्रल्हाद सलामे, 14 वर्ष आयु कबड्डी स्पर्धा में त्रिदेव नीलचंद सलामे व 14 वर्ष आयु लंबी कुद में हसीना प्यारेलाल सोनजाल का समावेश है. संस्था अध्यक्ष भरतसिंह दुधनाग, पंस सभापति अंबिका बंजार, शिवचंद लांजेवार, प्रशांत रामटेके ने छात्रों को शुभकामनाएं दी.

# आरोपी पुलिसकर्मी पर मामला दर्ज

## विवाह का प्रलोभन देकर नाबालिग से किया दुष्कर्म

**गोंदिया**-तिरोड़ा थाने में कार्यरत एक पुलिसकर्मी ने एक नाबालिग लड़की के साथ संबंध बनाए और उसका यौन शोषण किया. यह घटना जुलाई से नवंबर 2024 के बीच की है. पीड़िता ने इस संबंध में माता-पिता को जानकारी दी. इस बीच फिर्यादी की शिकायत पर तिरोड़ा थाने में आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया.

आरोपी का नाम हरीओम नगर, तिलक वार्ड, तिरोड़ा निवासी इफ्तेखार शेख (30) बताया गया है. इफ्तिखार शेख तिरोड़ा थाने में पुलिसकर्मी के पद पर कार्यरत हैं. पुलिसकर्मी इफ्तिखार शेख तिलक वार्ड में किराए के कमरे में रहता ता है. उसने 5 महीने पहले पड़ोस की एक नाबालिग लड़की से प्रेम संबंध बना लिया. इस बीच उसने भविष्य में शादी करने का लालच भी दिखाया. उससे शारीरिक संबंध स्थापित हो गए. पीड़ित लड़की ने ये सारी बात अपने परिवार को बताई. इससे यौन शोषण के प्रकार का पता चला है. फिर्यादी की शिकायत पर तिरोड़ा पुलिस ने आरोपी पुलिसकर्मी इफ्तेखार शेख के खिलाफ मामला दर्ज किया है. जांच पुलिस निरीक्षक अमित वानखेडे के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक दिव्या बरड, हवलदार तिरपुडे कर रहे हैं.

# जुआ अड्डे से साढ़े 3 लाख का माल जब्त

## 7 पर मामला दर्ज



गोंदिया-स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने ग्राम मुंडीपार परिसर में जुआ खेल रहे 7 लोगों पर कार्रवाई कर उनके पास से 3 लाख 79 हजार 150 रुपए का माल जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ 21 दिसंबर को मामला दर्ज किया है। तिरोड़ा तहसील के ग्राम मुंडीपार परिसर में जुआ खेले जाने की जानकारी पुलिस को मिली। जिसके बाद स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने दबिश देकर जुआ खेलनेवाले आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों में भंडारा जिला अंतर्गत आने वाले ग्राम गुंजेपार निवासी सुरेश भाउराव सार्वे (35), देव्हाडी निवासी अनिल बाबूलाल दमाहे (33), शहापुर निवासी मयुर महिपाल गजभिये (26), देव्हाडी निवासी आकाश अभिमन्यु चव्हाण (34), तिरोड़ा थानांतर्गत तिलक वार्ड निवासी तरुण हुंदराज रोहरा (39) का समावेश है। पुलिस को आता देख वडेगांव निवासी सुधाकर बिंझाडे, भंडारा निवासी सूरज माने फरार होने में कामयाब हो गए। आरोपियों की तलाशी ली गई तो उसके पास से 73 हजार 900 रुपए नगद, 52 ताशपत्ती, जबकि 1 लाख रुपए का वाहन क्रमांक एम.एच.35/ए.एस 6803, 90 हजार रुपए का वाहन क्रमांक एम.एच.36 एएम 9422 आदि माल सहित 3 लाख 79 हजार 150 रुपए का माल पुलिस ने जब्त किया है। फरियादी अपराध शाखा के पुलिसकर्मी चित्तरंजन बलदेव कोडापे की शिकायत पर तिरोड़ा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस नायक ज्ञानोबा श्रीरामे कर रहे हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा के निर्देश पर स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबड़े के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक वनिता सायकर, चित्तरंजन कोडापे, नेवालाल भेलावे, भुवनलाल देशमुख, प्रकाश गायधने, सुबोध बिसेन, इंद्रजीत बिसेन, संतोष केदार, दुर्गेश पाटील, घनश्याम कुंभलवार, हंसराज भांडारकर, अजय रहांगडाले ने की

# सकल समाज समिति की कार्यकारिणी गठित



**गोंदिया**-धार्मिक व सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था सकल समाज समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष हेमेन्द्र पोद्दार ने कार्यकारिणी की घोषणा शिव मंदिर, नागराधाम परिसर में आयोजित सभा में की. समिति की संरक्षक समिति में त्रिवेणी प्रसाद अग्रवाल, गुलाबचंद पोद्दार, रमेश चौधरी, रामअवतार अग्रवाल व बाबूलाल मोर को मनोनित किया गया. कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष दिनेश पटेल, महेश कोठारी, राजेश व्यास (सीए), राजेन्द्र गुप्ता व राम अग्रवाल, मुख्य सचिव राजेश दवे, सचिव असित अग्रवाल, बिपीन बावीसी, अपूर्व अग्रवाल, कैलाश कनौजिया व मधुर अग्रवाल (सीए), कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल (ओम फिल्मस्), प्रचार समिति दिनेश अग्रवाल, देवेन्द्र अग्रवाल, राहुल सिंघानिया, गौरव अग्रवाल, लक्की केड़िया, कार्यकारिणी सदस्य संतोष अग्रवाल, नितीन जिंदल, रितेश अग्रवाल, सुनील गुप्ता, पवन चांगरोड़िया, रितेश अग्रवाल (टक्कू) व मितेष ठक्कर के नामों की घोषणा की गई. महिला समिति प्रमुख किंजल मेहता को नियुक्त किया गया. संचालन राजेश दवे ने किया व आभार असित अग्रवाल ने माना.

# बैंक में चोरी का प्रयास विफल

## बीडीसीसी बैंक का मामला, आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



**लाखांदूर**-पिछले एक पखवाड़ा पूर्व रात के दौरान अज्ञातों से बीडीसीसी बैंक के प्रमुख दरवाजे का ताल तोड़कर बैंक में प्रवेश कर बैंक के तिजोरी से नकद राशि चोरी करने का प्रयास किया गया था. इस मामले में लाखांदूर पुलिस बैंक प्रबंधक के शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी. जिसके अनुसार घटना के आरोपियों को विगत 23 दिसंबर को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है. उक्त घटना पिछले 5 दिसंबर को तहसील के डोकेसरांडी के बीड़ीसीसी बैंक में हुई थी. इस मामले में पुलिस ने नागपुर के खाड़ीकपुरा पारडी निवासी गोलू शेखर लारोकर (19), (मप्र) के पांढुर्णा जिले के बडचिचोली निवासी पूर्वेश दिलीप ख़वसे (19), सार्थक मनोहर नेवारे (22) व नागपुर जिले के काटोल तहसील के यशोधरा नगर, कब्रिस्तान रोड सावरगांव निवासी असलम अब्दुल शरीफ खान (21) नामक आरोपियों को गिरफ्तार किया है. सूत्रों के अनुसार पिछले 4 दिसंबर को शाम के दौरान नियमित समयानुसार बैंक कर्मियों ने बैंक में ताला लगाकर घर लौट गए थे. जबकि बैंक एवं एटीएम के सुरक्षा के लिए एक सुरक्षा कर्मी बैंक परिसर के एटीएम में कार्यरत होने की जानकारी दी गई थी. इस बीच रात के दौरान कुछ अज्ञातों ने बैंक की बिजली आपूर्ति बंद कर दरवाजे का ताला तोड़कर बैंक में घुसकर तिजोरी तोड़ने का प्रयास किया था. किंतु तिजोरी नहीं टूटने पर अज्ञात आरोपियों ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर एवं मॉनिटर की चोरी कर घटनास्थल से फरार हो गए थे. इस मामले में अगले दिन सुबह के दौरान बैंक प्रबंधक ने बैंक में चोरी के प्रयास के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज की थी. इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी.

### सीसीटीवी कैमरे से मिले थे सुराग

इस बीच घटना के आरोपियों ने बैंक में चोरी में असफल होने पर नागपुर जिले के उमरेड पुलिस थाना सरहद में चोरी कर फरार हुए थे. हालांकि चोरी कर फरार हुए घटना आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद होने पर उमरेड के पुलिस कर्मियों ने थाने में दर्ज चोरी के आरोप में घटना के आरोपियों को गिरफ्तार किया था. इस दौरान पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ के दौरान उक्त आरोपियों ने डोकेसरांडी के बैंक में चोरी के प्रयास की कबूली दी थी. जिसके आधार पर थानेदार सचिन पवार के मार्गदर्शन में पुलिस उप निरीक्षक विजयसिंह गोमलाडू, पुलिस हवालदार संतोष चव्हाण, पुलिस अंमलदार जयेश जवंजारकर, निलेश चव्हाण, विकास रणदिवे आदि पुलिस कर्मियों ने घटना के आरोपियों को जांच के लिए न्यायिक हिरासत से कब्जे में लेकर गिरफ्तार किया है. इस मामले की आगे की जांच थानेदार सचिन पवार कर रहे है.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।